## आइआइएम रांची के सत्र 2021-23 की प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी, संस्था के 502 विद्यार्थियों को 140 कंपनियों से मिले ऑफर

# एमबीए के एक छात्र को सर्वाधिक ₹65 लाख का पैकेज

संवाददाता, रांची

**आइआइएम** रांची के 2021-23 बैच की कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है. एमबीए बैच में शामिल 502 विद्यार्थी को देश-विदेश की 140 कंपनियों में नौकरी मिली है. इनमें से 398 विद्यार्थी एमबीए प्रोग्राम में, 69 विद्यार्थी एमबीए-एचआर और 35 विद्यार्थी एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स में शामिल थे. प्लेसमेंट में 15.3% कंपनियां बैंकिंग, फाइनांसियल सर्विसेस एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआइ) क्षेत्र से पहुंची थीं. वहीं, 14.6% कंसल्टिंग कंपनियां, 13.9% फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) की कंपनियां व 13.2% आइटी व आइटीइएस कंपनियां शामिल हुई थीं. प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान से एमबीए प्रोग्राम में शामिल एक छात्र को सर्वाधिक 65 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला है.

निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं. कहा कि सत्र के 250 विद्यार्थियों के प्लेसमेंट रिकॉर्ड से औसत वार्षिक पैकेज का आकलन किया गया है. इनमें से 25 फीसदी विद्यार्थी 33.61 लाख से 26.21 लाख रुपये सालाना का पैकेज हासिल करने में सफल रहे हैं. इन्हीं, विद्यार्थियों ने टॉप 10 प्लेसमेंट हासिल किया है. वहीं, कई विद्यार्थियों ने 19.37 से 18 लाख रुपये का न्यूनतम सालाना पैकेज हासिल किया है.



### एमबीए प्रोग्राम के छात्रों ने हासिल किये टॉप के पैकेज

संस्था के एमबीए प्रोग्राम के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है. सत्र में शामिल एक छात्र ने सर्वाधिक 65 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज हासिल किया. टॉप 10 परसेंटाइल के विद्यार्थियों ने औसतन 29.77 लाख रुपये वार्षिक पैकेज हासिल किया है. वहीं, बैच में शामिल विद्यार्थियों को न्यूनतम 17.34 से 16.50 लाख रुपये का सालाना सीटीसी मिला है.

### एमबीए एचआर को सर्वाधिक 32.21 एलपीए व एमबीए को 22.32 एलपीए

एमबीए-एचआर में शामिल एक छात्र ने सर्वाधिक 32.21 लाख रुपये सालाना का सीटीसी मिला है. टॉप 10 परसेंटाइल प्राप्त करनेवाले औसतन विद्यार्थियों ने 26.17 लाख रुपये सालाना और टॉप 25 प्लेसमेंट विद्यार्थियों ने औसतन 22.66 लाख रुपये सालाना का पैकेज हासिल किया है. वहीं, बैच में शामिल विद्यार्थियों का न्यूनतम पैकेज 16.28 से 16 लाख रुपये वार्षिक रहा. इसके अलावा एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स के एक छात्र ने सर्वाधिक 22.32 लाख रुपये सालाना का सीटीसी हासिल किया. बैच में शामिल टॉप 10 विद्यार्थियों को औसतन 21.65 लाख रुपये वार्षिक और टॉप 25 विद्यार्थियों को 20.27 लाख रुपये वार्षिक का औसतन पैकेज मिला है. जबकि, बैच के विद्यार्थियों का न्यूनतम वार्षिक पैकेज 16.42 से 16 लाख रुपये रहा.

Prabhat Khabar, 07.03.2023, Pg. 5